जनपद बाराबंकी

दिनांक-10.03.2023

मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी की प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप मा0 न्या0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) कोर्ट नं0-44 बाराबंकी ने अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 20,000 रू0 अर्थदण्ड से किया दण्डित –

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जघन्य अपराधों में समुचित पैरवी करते हुये शीघ्र सजा दिलाये जाने के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आशुतोष मिश्र के पर्यवेक्षण में मॉनीटॉरिंग सेल में नियुक्त अधि0/ कर्म0गण /पैरोकार द्वारा जघन्य अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी मा0 न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को माननीय न्याया0 में समय से प्रस्तुत कराकर गवाही करवायी गयी,जिससे माननीय न्यायालय द्वारा थाना घुघंटेर पर पंजीकृत मु0अ0स0 27/2015 धारा 363/366/376 भादवि व ¾ पॉक्सो एक्ट व 3(2)(v) एससी/एसटी एक्ट बनाम शफीक पुत्र हबीब निवासी बन्देला थाना घुघंटेर जनपद बाराबंकी को धारा 376 भादवि व पाक्सों एक्ट में मा0 न्या0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) कोर्ट नं0-44 बाराबंकी ने अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 20,000 रू0 अर्थदण्ड से दण्डित किया, धारा 363/366 भादवि व 3(2)(v) एससी एसटी एक्ट में दोषमुक्त किया गया। कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी ।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 31.03.2015 को थाना घुघंटेर पर वादी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसकी पुत्री को अभियुक्त शफीक द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाया गया है जिसके आधार पर मु0अ0सं0 27/2015 धारा 363/366 भादवि बनाम शफीक पुत्र हबीब निवासी बन्देल थाना घुघंटेर जनपद बाराबंकी पंजीकृत किया गया। दौरान विवेचना धारा 376 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट व 3(2)(v) एससी एसटी एक्ट की बढोत्तरी की गयी। तत्कालीन विवेचक द्वारा वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन करते हुए, विवेचना के उपरान्त अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया ।

पुलिस टीम-

1- श्री योगेन्द्र सिंह व श्री अनूप मिश्र अभियोजक अधिकारी ए0एस0जे0-44 जनपद बाराबंकी
2-निरीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह प्रभारी मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
3-उ0नि0 श्री रामनरेश मिश्रा मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
4-हे0का0 अमर बहादुर सिंह मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
5-म0का0 प्रतिमा द्विवेदी मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
6-का0 नीरज कनौजिया मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
7-का0 सन्दीप कुमार मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
8-म0का प्रभा का0 पुनीत चौधरी पैरोकार घुघंटेर बाराबंकी
9-कोर्ट मो0 का0 आलोक वर्मा ए0एस0जे0-44 जनपद बाराबंकी ।